


## साल में तीसरी बार हुए थे एडमिट

जनवरी 2021 में उन्हें सीने में दर्द के बाद एंजियोप्लास्टि से गुजरना पड़ा था। कुछ दिन अस्पताल में गुजारने के बाद जब वह घर पहुंचे तब भी वह डॉक्टर्स की देखरेख में ही थे। हाल ही में विराट कोहली से विवाद के चलते भी वह सुर्खियों में थे।

# अस्पताल से ठीक होकर घर लौटे सौरव गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुखिया और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली आज अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर लौट चुके हैं।

कोरोना पॉजिटिव आने के बाद कोलकाता के वुडलैंड हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती किया गया था। 27 दिसंबर की रात तबीयत खराब होने के बाद उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। फिलहाल वह अपने घर पर भी डॉक्टर्स की निगरानी में ही रहेंगे।

इसी के साथ एक और अच्छी खबर यह है कि वह नए वेरिएंट ओमिक्रोन की जद में नहीं आए थे। दादा के कोरोना सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा गया था। रिपोर्ट के आधार पर पता लगा कि उनके सैंपल में ओमिक्रॉन की पुष्टि नहीं हुई है।

कोरोना के हल्के लक्षण के बाद उन्हें मोनोक्लोनल एंटी–बॉडी कॉकटेल थेरेपी दी गई थी।

इस बीच हॉस्पिटल मैनेजमेंट की ओर से लगातार उनके स्वास्थ्य पर अपडेट भी दिया जा रहा था। वह हेमोडायनामिक स्थिर थे। बुखार नहीं था। साथ ही साथ ऑक्सीजन लेवल भी नॉर्मल बना हुआ था। 49 वर्षीय सौरव गांगुली वैक्सीन की दोनों डोज लेने के बावजूद संक्रमित हो गए थे।

# शर्मीले पुजारा को नाचते देख हैरान रह गई पत्नी

क्रिकेट

## अश्विन के वीडियो पर किया कमेंट हुआ वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सेंचुरियन। जश्न तो बनता है। पार्टी भी बनती है क्योंकि भारत ने साउथ अफ्रीका में कमाल ही कुछ ऐसा किया है। इस साल के शुरू में ब्रिसबेन के गाबा में ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान थामने के बाद भारत ने सुपरस्पोर्ट पार्क पर दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ रोककर 2021 का अंत किया। जीत से उत्साहित टीम इंडिया के खिलाड़ी अब नाच–गाकर इस विक्ट्री को सेलिब्रेट कर रहे हैं।

टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर किया है। जहां वह अपने टीममेट्स के साथ जमकर थिरक रहे हैं। शर्मीले पुजारा को भी नचाया गया। जीत के जश्न में डांस करते पुज्जी को देखकर पत्नी पूजा भी हैरान रह गईं।



अनुभवी ऑफ स्पिनर ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मैच के बाद की परंपरागत तस्वीरें बहुत उबाऊ हो गईं, इसलिए पुजारा ने पहली बार सिराज के साथ डांस करके पूरे लम्हें को यादगार बना दिया क्या जीत है। वीडियो में अश्विन और सिराज पुजारा को डांस करते हुए नजर आ रहे हैं जबकि वीडियो केएल राहुल ने बनाया है।

वीडियो को जमकर लाइक्स मिल रहे हैं। हार्दिक पंड्या समेत कई क्रिकेटर्स ने कमेंट किए, लेकिन पुजारा की पत्नी पूजा पाबरी का कमेंट खूब पसंद किया जा रहा है। शायद उन्होंने भी अपने शर्मीले पति को पहली बार थिरकते देखा। तभी तो तीन में से पहला इमोजी हैरानी भरे चेहरे वाला डाला।

**पुजारा की पत्नी का डांस पर रिएक्शनः** दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले 2014 से लेकर सुपरस्पोर्ट पार्क में लगातार सात जीत दर्ज की थी। भारत की यह सेंचुरियन में पहली और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर टेस्ट मैचों में चौथी जीत है, लेकिन इससे उसने इस देश में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन दूसरे सत्र के दूसरे ओवर में अपनी दूसरी पारी में 191 रन पर आउट हो गई। भारत ने अपनी पहली पारी में 327 और दूसरी पारी में 174 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 197 रन ही बना पाया था।

# गैरी कर्स्टन इंग्लैंड की टेस्ट टीम को देना चाहते हैं कोचिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भारत और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम को कोचिंग देने में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा कि जो रूट और उनकी टीम का भाग्य संवारने के लिए उनके पास बहुत अच्छी योजना है। ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान श्रृंखला के पहले तीनों मैच जीतकर एशेज अपने पास बरकरार रखी है जिसके बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड का पद खतरे में पड़ गया है। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में तीसरा टेस्ट केवल ढाई दिन में अपने नाम कर दिया था।

**टीम इंडिया को बना दिया था नंबर–१:** कर्स्टन ने भारतीय टीम का मुख्य कोच पद संभालने के ठीक एक साल बाद दिसंबर



2009 में पहली बार भारत को टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचा दिया था। बाद में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के साथ भी यही उपलब्धि हासिल की थी।

कर्स्टन ने 'आई न्यूज' से कहा, 'इस पर (इंग्लैंड का मुख्य कोच बनना) मैं शुरू से विचार करता रहा हूं क्योंकि यह बहुत बड़ा सम्मान है। मैं अब तक दो बार (2015 और 2019) इस पद की दौड़ में रहा हूं। मैंने शुरू से स्पष्ट किया है कि मैं सभी प्रारूपों में यह जिम्मेदारी संभालने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हूं। अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड अलग प्रारूपों के लिए अलग कोच रखने के बारे में सोच रहे हैं तो इस पर विचार किया जा सकता है।'

**टेस्ट में काफी पीछे है इंग्लिश टीमः** विश्व कप विजेता कोच ने इंग्लैंड की 50 ओवरों की टीम को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताया, लेकिन कहा कि टेस्ट टीम अभी काफी पीछे है। कर्स्टन ने कहा, श्उनकी टेस्ट टीम या वनडे टीम के साथ काम करना शानदार होगा। उनकी वनडे टीम अभी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। मेरे पास ऐसी योजना है जो काफी सोच विचार कर तैयार की गयी है। आपकी टेस्ट टीम पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रही है, लेकिन इससे बाहर निकलने के लिए यह वास्तव में शानदार योजना होगी।

## 113 रनों की हार के बाद साउथ अफ्रीका को लगा बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। भारत से सेंचुरियन में मिली 113 रनों की हार के ठीक बाद विकेटकीपर क्विंटन डि कॉक ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। डि कॉक ने सेंचुरियन में पहली पारी में 34 रन बनाए और 100 मिनट तक शानदार बल्लेबाजी की। दूसरी पारी में 28 गेंदों में 21 रन बनाए थे। 113 रन से हारने के कुछ घंटे बाद जारी दक्षिण अफ्रीका टीम के एक बयान में कहा गया है कि डि कॉक ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। डि कॉक ने 54 मैचों में 6 शतकों के साथ 38.82 की औसत से 3,300 रन बनाए। डि कॉक की वाइफ प्रेग्नेंट हैं और वह पिता बनने वाले हैं। ऐसे समय में वह अपनी फैमिली के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं। डि कॉक के हवाले से कहा गया है, श्यह ऐसा निर्णय नहीं है, जिस पर मैं बहुत आसानी से आ गया हूं। मैंने यह सोचने में बहुत समय लिया है कि मेरा भविष्य कैसा है और अब मेरे जीवन में क्या प्राथमिकता होनी चाहिए जब साशा और मैं इस दुनिया में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। मेरा परिवार अब बड़ा हो रहा है।

## न्यूज डायरी



### कोहली को इन्हें फोन करके बल्लेबाजी सुधारने को लेकर बात करनी ही चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम ने अपना दबदबा पूरी दुनिया में कायम रखा। भारतीय टीम ने इस साल ब्रिसबेन, लार्ड्स, ओवल, सेंचुरियन जैसे मैदानों पर टेस्ट मैच जीतने में सफलता हासिल की। आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी फिलहाल भारतीय टीम 124 अंक के साथ दुनिया की नंबर एक टीम है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण वर्तमान में दुनिया में बेस्ट अटैक में से एक है और पिछले कुछ सालों में गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई मैच जीते हैं। कोहली की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम काफी सफल है, लेकिन बतौर बल्लेबाज विराट अपने 71वें संेचुरी का इंतजार कर रहे हैं और ये साल भी उन्हें मायूस कर गया है। साल 2019 से क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में शतक लगाने में नाकाम रहे कोहली ने सेंचुरियन टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 35 और 18 रन बनाए थे और दोनों ही पारियों में बाहर जाती गेंद को छेड़ते हुए आउट हुए थे।

### स्टीव स्मिथ के साथ होटल की लिफ्ट में हुआ हादसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। एशेज सीरीज में दमदार खेल दिखाने वाली आस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी कर चुके स्टीव स्मिथ के साथ गुरुवार को डराने वाली घटना हुई। मेलबर्न में होटल की लिफ्ट में वह तकरीबन एक घंटे तक फंसे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में पैट कमिंस के चोटिल होने की वजह से स्मिथ को कप्तानी करने का मौका दिया गया था। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ मेलबर्न के एक होटल में लिफ्ट में फंस गए जहां उन्हें लगभग एक घंटा बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान स्मिथ और उनके साथी बल्लेबाज मार्नस लाबुशाने ने इस घटना की इंस्टाग्राम पर लाइव स्ट्रीमिंग की ताकि बचाव में मदद मिल सके। लाबुशाने ने एक लोहे की छड़ की मदद से लिफ्ट का दरवाजा खोलने की कोशिश करते हुए स्मिथ को कुछ चाकलेट भी दी। तब वह होटल में तकनीशियनों की मदद का इंतजार कर रहे थे।

### आस्ट्रेलिया में एक टीम से जुड़े 15 सदस्यों को पाया गया कोविड 19 पाजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाले बिग बैश लीग (बीबीएल) से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां एक टीम के एक दर्जन से ज्यादा खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के सदस्य कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। बीबीएल की टीम मेलबर्न स्टार्स के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के सदस्य कोरोना संक्रमण की चपेट में हैं। टीम के सात खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ 8 सदस्य कोरोना संक्रमित मिले हैं। सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य के संक्रमित होने के बाद मैच को स्थगित कर दिया गया था और अब स्क्वाड के अंदर कोरोना बम फूट गया है। आरटीपीसीआर टेस्ट में एक टीम के 15 सदस्यों के संक्रमित पाए जाने के बाद अब पूरे टूर्नामेंट पर खतरा मंडराने लगा है। वहीं, मेलबर्न स्टार्स टीम को अपना अगला मैच पर्थ स्कार्चर्स के खिलाफ रविवार चार जनवरी को खेलना है, लेकिन इस पर संशय बना हुआ है।

### भज्जी ने धौनी से टीम से बाहर किए जाने की वजह जानने की कोशिश की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरभजन सिंह ने अपने प्रोफेशनल क्रिकेट करियर को पिछले सप्ताह अलविदा कह दिया था। 1998 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले हरभजन ने 103 टेस्ट, 236 एकदिवसीय और 28 ज्20ि मैच खेले थे। लगभग दो दशकों तक भारतीय टीम के लगातार सदस्य रहे, हरभजन ने 2011 में टीम में अपना स्थान खो दिया था। हालांकि बाद में उनकी टीम में वापसी हुई और 2011 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने सिर्फ 10 वनडे और 10 टेस्ट मैच भारत के लिए खेले। उन्हें 2013 चौंपियंस ट्राफी और 2015 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था।